# भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड

मध्य मार्ग, सैक्टर 19-बी, चण्डीगढ़

## प्रैस विज्ञप्ति दिनांक 10.7.2020

**विषयः श्री आर. के. सिंह, माननीय विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ने एसएलडीसी कॉम्पलैक्स, बीबीएमबी, चण्डीगढ़ में बीबीएमबी विद्युत गृहों एवं उपकेन्द्रों के रिमोट कंट्रोल रूम का ई-उद्घाटन किया**

**चण्डीगढ़ः** आज, श्री आर. के. सिंह, माननीय विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ने बीबीएमबी एसएलडीसी कॉम्पलैक्स, चण्डीगढ़ में बीबीएमबी विद्युत गृहों एवं उपकेन्द्रों के रिमोट कंट्रोल रूम का नई दिल्ली से डिजिटल माध्यम से ई-उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्बोधन करते हुए मुख्य अतिथि, श्री आर. के. सिंह, माननीय मंत्री जी ने बीबीएमबी की टीम द्वारा इस तकनीकी प्रगति को प्राप्त करने पर सरहाना की जो शेष विश्व की प्रगति के समान है। इस उपलब्धि का एक विशेष महत्व माना जाएगा क्योंकि बीबीएमबी द्वारा अप्रत्याशित वैश्विक महामारी के दौरान इसे पूरा किया गया। श्री एस. एन. सहाय, आईएएस, सचिव, विद्युत, भारत सरकार इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि थे, वे भी नई दिल्ली से इसमें शामिल हुए। श्री सहाय ने बीबीएमबी को देश में सबसे पुराने में से एक विद्युत गृहों को स्वचालन प्रणाली से जोड़ने की उपलब्धि प्राप्त करने पर बधाई दी।

भाखड़ा बायां किनारा विद्युत घर की मशीनों की अब एसएलडीसी, चण्डीगढ़ से रिमोट कंट्रोल रूम से संचालित एवं निगरानी की जा सकती है। यह विश्वसनीयता को बढ़ाएगी, उपभोगता संतुष्टि में सुधार करेगी, मानव शक्ति को कम करेगी, उपयोगिता में सुधार करेगी और परिचालन एवं अनुरक्षण व्ययों को कम करेगी। इससे ग्रिड आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तरी क्षेत्रीय भार प्रेषण केन्द्र (एनआरएलडीसी) के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सकेगा।

इस अवसर पर श्री डी.के.शर्मा, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने विद्युत घरों एवं उप केन्द्रों की प्रणाली के रिमोट संचालन के बारे में संक्षिप्त प्रस्तुति दी। उन्होंने बीबीएमबी इंजीनियरों और कर्मचारियों को चुनौतीपूर्ण करोना काल के दौरान दृढ़ता एवं समर्पण भावना से कार्य को पूरा करने पर बधाई दी। श्री हरमिन्द्र सिंह चुग, सदस्य, विद्युत, बीबीएमबी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक